## प्रादेशिक समाचार
## दिनांक– 24.06.2025 (दोपहर–1455 बजे)

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि ऑपरेशन सिंदूर ने आतंकवाद को कतई बर्दाश्त न करने की भारतीय नीति के बारे में विश्व को कड़ा संदेश दिया है। प्रधानमंत्री देश के दो महान आध्यात्मिक और नैतिक व्यक्तित्वों श्री नारायण गुरु तथा महात्मा गांधी के बीच हुए ऐतिहासिक संवाद पर आज नई दिल्ली में आयोजित शताब्दी समारोह को सम्बोधित कर रहे थे।

प्रधानमंत्री ने कहा कि सौ साल पहले, जिस समय लोग सामाजिक बुराइयों के खिलाफ बोलने से डरते थे, उस वक्त भी श्री नारायण गुरु सत्य, सेवा और सद्भाव तथा समानता में गहरी आस्था के साथ दृढ़ संकल्पित थे। श्री मोदी ने कहा कि यह प्रेरणा राष्ट्र को सबका साथ, सबका विकास के मार्ग पर आगे ले जा रही है।

***********************

संविधान हत्या दिवस कल मनाया जाएगा। यह दिवस 25 जून 1975 को संविधान को कुचलने की घटनाओं का स्मरण कराता है। इस दिन उन सभी लोगों को श्रद्धांजलि दी जाती है, जिन्होंने आपातकाल के कारण ज्यादतियों का सामना किया था। यह भारतीय इतिहास का सबसे काला समय था। इस दिन उन सभी लोगों के योगदान को भी याद किया जाता है, जिन्होंने आपातकाल के अमानवीय दर्द को सहन किया था।

***********************

लातेहार जिला प्रशासन की ओर से विद्यार्थियों को अब जेईई, नीट समेत अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी निःशुल्क कराने के लिए विशेष योजना बनाई जा रही है।

***********************

पोस्ट ग्रेजुएट ट्रेंड टीचर (पीजीटीटी) संस्कृत विषय की नियुक्ति प्रक्रिया से जुड़े मामले में आज हाई कोर्ट में सुनवाई हुई। कोर्ट ने झारखंड कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) को निर्देश दिया कि मामले की सुनवाई पूरी होने तक पांच सीटें आरक्षित रखी जाएं। इस दौरान जेएसएससी की ओर से अधिवक्ता संजोय पिपरवाल ने पक्ष रखा। याचिकाकर्ताओं ने नियुक्ति प्रक्रिया में अनियमितताओं का आरोप लगाया है, जिस पर कोर्ट ने सुनवाई जारी रखने का आदेश दिया है।

***********************

जमशेदपुर पुलिस ने मानगो गोलीकांड के मुख्य आरोपी निषार हसन को नई दिल्ली के इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट से गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। अभियुक्त अरब देश बहरीन में छिपा हुआ था और

उसके खिलाफ झारखंड पुलिस ने गृह मंत्रालय से लुकआउट सर्कुलर जारी कराया था। भारत लौटते ही इमिग्रेशन अधिकारियों के सहयोग से उसे एयरपोर्ट पर दबोच लिया गया। यह जमशेदपुर पुलिस की पहली इंटरनेशनल गिरफ्तारी है, जिससे संगठित अपराध के बड़े नेटवर्क का खुलासा हुआ है।

***********************

हजारीबाग के बड़कागांव थाना क्षेत्र की गोंदलपुरा पंचायत के जोराकाठ गांव में सड़क निर्माण कार्य में लगे छह वाहनों और एक जनरेटर को अपराधियों ने आग के हवाले कर दिया। जलाये गये वाहनों में  दो जेसीबी, दो हाइवा, एक ग्रेडर और एक पानी टैंकर शामिल हैं। पुलिस घटना की जांच कर रही है।

***********************

आज राजधानी रांची समेत राज्य के कई हिस्सों में बारिश की संभावना है, जिसे लेकर मौसम विभाग ने येलो अलर्ट जारी किया है। विभाग के अनुसार आज राज्य के दक्षिणी–पश्चिमी और उत्तर–पूर्वी जिलों में तेज बारिश हो सकती है। 26 जून को राज्य के दक्षिणी–पश्चिमी हिस्सों में बहुत भारी बारिश के आसार हैं, जिसके लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। पिछले 24 घंटे में राज्य में सबसे अधिक 109 दशमलव 3 मिलीमीटर बारिश हजारीबाग के विष्णुगढ़ में और 102 दशमलव 8 मिलीमीटर बारिश रांची में दर्ज की गई।

***********समाप्त***********